## संपादकीय

# फसल पंजीकरण के पेच

फसल का मूल्य सीधे किसान के खाते में डाले जाने की योजनाओं पर आढ़तियों और बिचौलियों का दबाव झेल रही हरियाणा सरकार का गेहूं और सरसों के किसानों द्वारा अपनी फसल का पंजीकरण करवाया जाना ताकि उन्हें मंडी में बेचना आसान हो, किसानों के लिए कितना लाभकारी होगा, यह किसानों के गले कितना उतरेगा, कहना मुश्किल है। पिछले साल अक्तूबर में ही 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' योजना में बाजरा किसानों के साथ हरियाणा सरकार ने यही नियम लागू किए थे। उसके कारण भी लगभग वही थे कि पड़ोसी राज्यों के किसान यहां की अनाज मंडियों में अपना अनाज बेच न पाएं और प्रदेश की उपज का रखरखाव और व्यापार हो सके। यह योजना कुछ-कुछ मध्य प्रदेश के भावांतर भरपाई योजना से प्रभावित प्रतीत होती है। परंतु भावांतर भरपाई योजना से हरियाणा के बाजरा किसानों सहित सात अन्य खरीफ फसलों के किसान काफी असंतुष्ट लग रहे हैं। दोनों राज्यों में ही मॉडल रेट बनाम न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर काफी भ्रम है। इसमें खरीद के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। उसे बेचने की हड़बड़ी में अंत में बिचौलियों को ही लाभ होता है। हरियाणा सरकार को कुछ ऐसा नियम बनाना चाहिए, जिससे किसानों को बिचौलियों से बचाया जा सके और सरकार को मध्य प्रदेश की तरह राजनीतिक नुकसान न उठाना पड़े।

हरियाणा के सामने मध्य प्रदेश का उदाहरण बहुत जाग्रत रूप में खड़ा है, जहां सिर्फ 20 फीसदी किसानों ने भावांतर भरपाई योजना में अपना पंजीकरण कराया था। किसानों के पंजीकरण को लेकर पूर्ण डिजिटलाइजेशन की आवश्यकता है, जिससे कि पैसा सीधे किसानों के खाते में जा सके। सरकार को इस उलझन से बाहर निकलना चाहिए कि यह कदम किसानों की कमाई की सीमा को बांध देगा। सरकार को किसानों के पक्ष पर सबसे पहले गौर करना होगा। इसके साथ ही प्रदेश की 54 मंडियों में से जो 40 फीसदी मंडियां ऑनलाइन व्यापार से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें भी जोड़ना होगा ताकि किसानों को लाभ उचित रूप से प्राप्त हो सके। साथ ही यह योजना सिर्फ गेहूं-धान के किसानों के लिए न होकर सभी फसलों के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो।

# 1 फरवरी को नौकरीपेशा करोड़ों लोगों को मिलेगी बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली। हर बार की तरह इस बार भी सरकार मीडियम क्लास को बड़ी राहत दे सकती है. मध्य वर्ग को राहत देते हुए वित्त मंत्री अरुण जेटली इस बार आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर दोगुनी कर सकते हैं. अभी यह छूट वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 2.5 लाख रुपये से बढ़कर 5 लाख रुपये हो सकता है, जबकि मेडिकल खर्चों और परिवहन भत्ते को भी फिर से बहाल कर सकते हैं. इससे नोटबंदी के कारण बेहाल मध्य वर्ग को थोड़ी राहत मिलेगी. यदि ऐसा होता है तो इसका सबसे ज्यादा फायदा करोड़ों नौकरीपेशा लोगों को मिलेगा.



**मिडिल क्लास को खुश करने की कोशिश**

अंतरिम बजट में हालांकि बहुत अधिक मांगों को पूरा नहीं किया जा सकता है, लेकिन भाजपा सरकार चुनावों को देखते हुए मध्य वर्ग को खुश करने की कोशिश करेगी. सरकारी सूत्रों ने बताया कि इसलिए करों के स्लैब को सिस्टेमेटिक करने की योजना बनाई गई है, जो किसी भी स्थिति में आगामी प्रत्यक्ष कर संहिता के अनुरूप होंगे. इसमें यह समस्या आ सकती है कि प्रत्यक्ष कर संहिता रिपोर्ट के आने से पहले आम बजट 28 फरवरी को आ जाएगा, जिससे रिपोर्ट जारी होने से पहले दरों से छेड़छाड़ इसे विवादास्पद बना देगा.

**अभी ये है टैक्स स्लैब**

नए प्रत्यक्ष कर संहिता के दायरे में ज्यादा से ज्यादा कर निर्धारती (एसेसी) को कर के दायरे में लाने की कोशिश की जाएगी, ताकि अलग-अलग वर्गो के करदाताओं के लिए अधिक न्यायसंगत प्रणाली बनाई जाए, कॉर्पोरेट कर में कमी किया जाए और व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी बनाई जाए. फिलहाल 2.5 लाख रुपये की आय को निजी आयकर से छूट प्राप्त है, जबकि 2.5-5 लाख रुपये के बीच की सालाना आय पर 5 फीसदी कर लगता है, जबकि 5-10 लाख रुपये की सालाना आय पर 20 फीसदी और 10 लाख रुपये से अधिक की सालाना आय पर 30 फीसदी कर लगता है.वहीं 80 साल से ज्यादा की उम्र वाले लोगों को 5 लाख रुपये सालाना की आय पर कर छूट प्राप्त है. इसके अलावा पिछले साल 5 लाख रुपये की आय वालों के लिए सालाना 15 रुपये तक के मेडिकल खर्चों और 19,200 रुपये तक के परिवहन भत्तों को हटाकर उसकी जगह 20 हजार रुपये की मानक कटौती लाया था. इसे भी वापस बहाल किया जा सकता है. हालांकि इससे बहुत अधिक फायदा तो नहीं होगा, लेकिन मध्य वर्ग का उत्साह बढ़ेगा.

# फिर बढ़े पेट्रोल और डीजल के दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम थम नहीं रहे हैं। दोनों ईंधन के दामों में मंगलवार को लगातार छठे दिन बढ़ोतरी जारी रही। पेट्रोल और डीजल के दामों में चार बड़े महानगरों में 16 से लेकर 31 पैसे की और तेजी आई।

पिछले छह दिनों में दिल्ली में डीजल 2.23 रुपये और पेट्रोल 1.91 रुपये की छलांग लगा चुका है। दिल्ली में पेट्रोल का दाम 28 पैसे बढ़कर 70.41 रुपये और डीजल में 29 पैसे की बढ़ोतरी से 64.47 रुपये प्रति लीटर हो गया। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में दोनों ईंधन के दाम क्रमशः 76.05 और 67.49 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए। कोलकाता में दोनों ईंधन की कीमत क्रमशः 72.52 और 66.24 रुपये प्रति लीटर रही। चेन्नई में पेट्रोल 28 पैसे बढ़कर 73.08 और डीजल 30 पैसे के इजाफे के साथ 68.09 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया।

# रेलवे ने फिर रद्द की 300 से ज्यादा ट्रेनें

नई दिल्ली। इंडियन रेलवे ने परिचालन कारणों से मंगलवार को 333 रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया है. जिन ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया है उनमें से अधिकतर पैसेंजर ट्रेनें हैं. इसके अलावा रेलवे ने कुछ मेल व एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के साथ ही कुछ स्पेशल ट्रेनों को भी रद्द करने का निर्णय लिया है. देशभर में रेलवे के अलग-अलग जोन में चल रहे मरम्मत के काम के लिए कई



जगहों पर ट्रैफिक ब्लॉक लिए गए हैं. ऐसे में ट्रेनों के बेहतर परिचालन के लिए इन ट्रेनों को रद्द किया गया है. रेलवे की वेबसाइट नेशनल ट्रेन इंक्वारी सिस्टम पर रद्द की गई रेलगाड़ियों की सूची जारी की गई है.

**आरक्षित टिकट रद्द करा कर पाएं पूरा रिफंड**

रेलवे की ओर से जिन रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है उनकी सूची रेलवे की वेबसाइट नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम पर जारी की गई है. वहीं स्टेशनों पर उद्घोषणा के जरिए भी यात्रियों को रद्द गाड़ियों की सूचना दी जा रही है.

# नए साल में पहली बार 71 से नीचे फिसला रुपया

नई दिल्ली (आरएनएस)। कच्चे तेल में आई तेजी के कारण देसी मुद्रा में आई कमजोरी से नए साल में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को पहली बार 71 के स्तर को पार कर गया। मतलब एक डॉलर का मूल्य 71 रुपये से अधिक हो गया। डॉलर के मुकाबले 71.02 के स्तर से संभलने के बाद रुपया पिछले सत्र से सात पैसे की कमजोरी के साथ 71 के स्तर पर



बना हुआ था।

इससे पहले देसी मुद्रा डॉलर के मुकाबले पिछले सत्र से 16 पैसे की मजबूती के साथ 70.77 पर पर खुली। पिछले सत्र में रुपया डॉलर के मुकाबले लुढ़ककर 70.93 पर बंद हुआ था। एंजेल ब्रोकिंग हाउस के करेंसी मामलों के विश्लेषक अनुज गुप्ता ने कहा कि कच्चे तेल के भाव में आई तेजी से रुपये पर दबाव दिख रहा है। केड़िया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि दैनिक कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 70.34 से लेकर 71.37 के दायरे में रह सकता है।

# आखिरकार हरमनप्रीत और कोच का विवाद को लेकर मिताली राज, दिया ये बड़ा बयान

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की कप्तान मिताली राज की अगुवाई में टीम न्यूज़ीलैण्ड दौरे के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. वहीं नए साल पर मिताली राज पुरानी सभी कड़वी यादों को भूलाना चाहती हैं और आगे बढ़ना चाहती हैं. मिताली के लिए पूर्व कोच रमेश पोवार और सीओए सदस्य डायना एडुल्जी के साथ मतभेद बीती बात हो गई है. वो अब नए कोच के साथ नई शुरुआत करना चाहती हैं.



न्यूज़ीलैण्ड जाने से पहले मीडिया से बात करते हुए मिताली ने कहा कि ये मेरे लिए एक नई शुरुआत है. ये हमारे लिए इस साल की पहली सीरीज हैं.

# किसान को मंडी आने की जरूरत नहीं, घर से फसल खरीद लेगी सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। मोदी सरकार एक ऐसे पायलट प्रोजेक्ट पर काम कर रही है जिसके पूरा होने पर किसानों को काफी लाभ होगा। ये लाभ फसल को बेचने में आ रही दिक्कतें दूर होने से संबंधित है। दरअसल केंद्र सरकार किसानों की उपज को उनके घरों से खरीदने की योजना पर काम कर रही है। हाल ही में इस योजना के बारे में खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेंटर में ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित इंडस फूड-2 के उद्घाटन के अवसर पर बादल ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि किसानों की आय दो गुनी की जाएगी। इसलिए सरकार उन किसानों के घरों से ही फसल खरीद लेगी जिनके यहां फसल की अधिक उपज होगी।

# मेड इन इंडिया हार्ट वॉल्व को केंद्र सरकार की मंजूरी

जयपुर (आरएनएस)। हार्ट वॉल्व की समस्या वाले मरीजों के लिए राहत की खबर है। दरअसल केंद्र सरकार ने मेड इन इंडिया हार्ट वॉल्व लगाने को मंजूरी दे दी है और इसका फायदा यह होगा कि हार्ट वॉल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी पहले के मुकाबले अब 10 लाख रुपए तक सस्ती हो जाएगी।

यही नहीं बिना ओपन हार्ट सर्जरी के पैर की नस से वॉल्व लगाया जाएगा।

# आज का राशिफल

मेषः लक्ष्मीजी की कृपा आप पर बरसेगी, ऐसा गणेशजी कहते हैं। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा लेकिन मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभः आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में आमोद-प्रमोद छाया रहेगा।

मिथुनः प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करने की गणेशजी की सलाह है। आमोद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्कः अनैतिक कार्य और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की गणेशजी की सलाह है। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार ना हो, इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

सिंहः स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा। साझेदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी।

कन्याः आपके स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। कार्य सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

तुलाः अपनी बौद्धिक शक्ति से आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें इसलिए यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं। मध्याह्न के बाद कार्य-सफलता मिलने से मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिकः आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव में हठीलापन छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो अनेक समस्याओं का छुटकारा मिलेगा। नए वस्त्राभूषण तथा प्रसाधन के पीछे धन का खर्च अधिक होने की आशंका है।

धनुः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन बनेगा। मित्रों के साथ समय का आनंदपूर्वक सदुपयोग हो जाएगा।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। धार्मिक कार्यों और उपासना के पीछे धन का खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभः आज आध्यात्मिक विषयों की तरफ झुकाव अधिक रहेगा। शारीरिक प्रफुल्लता और मानसिक प्रसन्नता दिनभर बनी रहेगी। मध्याह्न के बाद आप धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

मीनः धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय सावधानी बरतें, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी के भी कार्य में विघ्न न डालें। वाणी और ोध पर संयम बरतें।

# खरमास समाप्त आज से बैंड बाजा बारात की धूम, इस साल कुल 87 शुभ लग्न

सोमवार की मध्य रात्रि करीब 2.11 बजे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही महीनेभर से चला आ रहा खरमास समाप्त हो गया। खरमास के समापन के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। अब मंगलवार से बैंड, बाजा, बारात की धूमधाम शुरू हो जाएगी। शादी-ब्याह के लिए शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा कर रहे लोगों की गतिविधियां शुरू हो गई हैं।पंडितों की मानें तो पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार शादी-ब्याह के शुभ मुहूर्त अधिक हैं। इनके अनुसार सालभर में करीब 87 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

**कैसे तय किए जाते हैं लग्न**

शादी के शुभ मुहूर्त के लिए वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु व मीन लग्न में से किसी एक का रहना जरूरी है। वहीं रेवती, रोहिणी, मृगशिरा, मूल, मघा, हस्त, अनुराधा, उत्तरा फाल्गुन, उत्तरा भद्र, उत्तरा आषाढ़ में एक नक्षत्र का रहना जरूरी है। सर्वश्रेष्ठ शुभ मुहूर्त के लिए रोहिणी, मृगशिरा व हस्त नक्षत्र का रहना जरूरी।

**लग्न शुरू**



सालभर में स्वार्थ सिद्धियोग के 63 शुभ मुहूर्त - ज्योतिषाचार्य प्रियेंदू प्रियदर्शी ने विभिन्न पंचांगों के आधार पर बताया कि इस वर्ष 63 स्वार्थ सिद्धि योग के शुभ विवाह मुहूर्त बन रहे हैं।

मार्च- 2, 3, 7, 8, 9, 10 और 13 फरवरी

जून- 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 24, 25 और 28 जून

जुलाई- 6, 7, 8, 10, 11

मई- 2, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 17, 18, 19, 21, 23, 28, 29, 30

फरवरी-1, 8, 9, 10, 15, 21, 22, 23, 24, 26 और 28 फरवरी

नवंबर- 18, 19, 20, 21, 22, 23, 28, 30, दिसंबर- 1, 5, 6, 7, 11 और 12

अप्रैल- 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25 और 26 अप्रैल

जनवरी - 15, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 27, और 29 जनवरी

'पंचांगों के अनुसार इस वर्ष कुल 87 शुभ लग्न

' इनमें 63 सर्वार्थ सिद्धि योग के शुभ लग्न

जनवरी से 23 नवंबर तक शुभ विवाह के मुहूर्त

शुभ विवाह के उत्तम माह- माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, अगहन

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में हार्दिक और राहुल के समर्थन में उतरे श्रीसंत

नई दिल्ली। एक चैट शो में महिलाओं को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले हार्दिक और राहुल को बीसीसीआई ने सस्पेंड कर दिया है. जिसके बाद वो टीम से बाहर हो गए हैं. ऐसे में अब उनके समर्थन में श्रीसंत उतर आए हैं. उनका मानना है कि उन्होंने गलती की है और उसकी सजा उन्हें मिलेगी. लेकिन उन्हें पूरी उम्मीद है कि वो एक दिन जरूरत टीम में वापसी करेंगे.



इन दोनों खिलाड़ियों को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में अब ज्यादा समय नही बचा है. ऐसे में ये दोनों खिलाड़ी ही मैच विनर है और हमे टीम में उनकी जरूरत हैं. आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस समय सिर्फ इतना कहना चाहता हूं हार्दिक और राहुल कभी न कभी मैदान में वापसी जरुर करेंगे.वे टीम के लिए एक मैच विनर है. मैं जनता हूँ कि एक खिलाड़ी के रूप में मैदान से दूर रहना कितना मुश्किल होता है. आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि एक न एक दिन वो जरुर मैदान में वापसी करेंगे. बीसीसीआई को जब लगेगा उन्होंने अपनी गलती को सुधार लिया है वो मैदान में जरुर वापसी करेंगे।

# घर में बनाएं स्वादिष्ट मेथी के परांठे, देखे रेसिपी



सर्दी के मौसम में लोग अक्सर हरी पत्तेदार सब्जियां खाना ज्यादा पसंद करते हैं।इन्हीं में एक है मेथी।सुबह का समय हो और आपको गरमागरम मेथी के परांठे चाय के साथ खाने के लिए मिल जाएं तो फिर बात ही क्या।ये खाने में जितने स्वादिष्ट लगते हैं,इन्हें बनाना उतना ही आसान है।तो चलिए जानते हैं मेथी के परांठे बनाने के तरीके के बारे में सबसे पहले आप मेथी को अच्छे से चूटकर साफ कर लें।इसके बाद बारीक काट लें।अब इसे पानी की सहायता से अच्छी तरह साफ कर लें ताकि इसकी सारी मिटटी अच्छे से साफ हो जाए।अब आप एक परात लेकर उसमें गेंहू का आटा,बेसन,जीरा,हरी मिर्च-अदरक का पेस्ट,लाल मिर्च,दही,एक चम्मच तेल,मेथी के पत्ते और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें और पानी की सहायता से आटा गूंथ लें। अब आप इसे 15-20 मिनट के लिए यूं ही छोड दें।इसके बाद आप आटे की लोइयां बनाकर उसे अन्य परांठों की भांति बेल लें और तवे पर तेल लगाकर दोनों तरफ से अच्छे से सेंके।आपके मेथी के परांठें तैयार हैं।


# शब्द सामर्थ्य-49

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# सू-दोकू-49

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.48 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |